हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 19 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। आज नई दिल्ली में पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विकासशील देशों को अक्सर कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है जोकि अनुचित है। उन्होंने कहा कि भारत जी-20 का एकमात्र ऐसा देश है जिसने पेरिस में आयोजित कॉप-21 शिखर सम्मेलन में की गई प्रतिबद्धताओं को समय से पहले सफलतापूर्वक पूरा किया है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों में भारत ने पर्यावरण से संबंधित हर क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन और मिशन लाइफ जैसी पहलों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के नए मानक स्थापित कर रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत आज स्वच्छ परिवहन और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की पवन ऊर्जा क्षमता में तीन गुना वृद्धि हुई है। श्री मोदी ने कहा कि नया भारत, परमाणु ऊर्जा उत्पादन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 20वें रोजगार मेले में अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में नए भर्ती हुए 51 हज़ार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह रोजगार मेला देश भर में 45 जगहों पर आयोजित किया गया। 20वें रोजगार मेले के साथ, अब तक अलग-अलग विभागों और सरकारी संगठनों में नियुक्ति पाने वाले युवाओं की कुल संख्या लगभग 12 लाख 75 हजार हो गई है।

---

चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि भारत टैक्सी पहल चंडीगढ़ की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा श्रम के सम्मान, सहकारी स्वामित्व, तकनीकी आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास को बढ़ावा देगी।

वह कल केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोलऔर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर की मौजूदगी में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भारत टैक्सी का शुभारंभ करने के मौके पर बोल रहे थे।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भारत टैक्सी, चालकों को प्लेटफॉर्म में सक्रिय भागीदार बनाएगी। सदस्य और हितधारक होने के कारण चालकों को इसके लाभ में भी हिस्सा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल चालकों की आय बढ़ाने, उनकी सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने में सहायक होगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि देशभर में अब तक लगभग 10 लाख चालक भारत टैक्सी के साथ पंजीकरण करवा चुके हैं, जिनमें चंडीगढ़ के एक लाख से अधिक चालक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी द्वारा आने वाले महीनों में पंजाब के अमृतसर, लुधियाना और जालंधर सहित अन्य शहरों में भी अपनी सेवाओं का विस्तार करने की योजना है।

--------------------------------------------------------------------------------

भिवानी स्थित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने आज भिवानी में जारी प्रेस वक्तव्य में बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए "नामांकन विवरणी" भरने की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। राजकीय व निजी स्थाई मान्यता प्राप्त एवं बोर्ड से स्थायी संबद्धता प्राप्त विद्यालय व गुरुकुल एंव विद्यापीठ बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत दिशा-निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

--------------------------------------------------------------------------------